**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों का शपथ कार्यक्रम

विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय द्वारा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह, अधिष्ठता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में अधिष्ठाता द्वारा 2018 बैच को डिग्री दी गयी एवं नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र भी दिया गया, जिसमे उन्होंने सभी 62 विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त करने पर बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण कराई एवं बैच के एकेडमिक टॉपर्स को सम्मानित किया गया, जिसमें पहला स्थान दीक्षा उप्रेती को, दूसरा स्थान अनुप्रिया मिश्रा को एवं तीसरा स्थान सिमरनजीत कौर सेतिया को सम्मानित किया गया। इसी के साथ बैच के 44 विद्यार्थियों को पशुपालन विभाग में संविदा में पशुचिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति दी जा चुकी हैं। अन्य विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए देश के विभिन्न महाविद्यालयों में जायेंगे, जिनका चयन आईसीएआर द्वारा किया गया है। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को और अच्छा प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डा. मालविका दास, डा. सुधीर कुमार, डा. राजीव रंजन कुमार, डा. बी.सी. मंडल, डा. नितिन त्यागी (एनडीआरआई) एवं डा. एस.ई. जाधव (आईवीआरआई) उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. मंजुल कांडपाल द्वारा किया गया।




*विद्यार्थियों के साथ अतिथिगण।*